तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 दिसंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 गुरु ही ब्रह्म, विष्णु और महेश है जो हमें सत्कर्म मार्ग पर ...



10 धान खरीदी में अव्यवस्था कांग्रेस का ब्लॉकों में धरना



# बैजलपुर को विधायक ने दी 70 लाख से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पंचायत बैजलपुर में ग्रामवासियो के साथ बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने सीसी रोड निर्माण सामुदायिक भवन, रंग मंच, नाली निर्माण जैसे लगभग 70 लाख से अधिक राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। जिसमें ग्राम बैजी में सामुदायिक भवन निर्माण लागत राशि 5 लाख रूपये, बैजलपुर में रंग मंच निर्माण लागत राशि 1 लाख रूपये, चंडी मंदिर पास सामुदायिक भवन निर्माण लागत राशि 3 लाख रूपये, कबीर पारा बैजलपुर में सामुदायिक भवन निर्माण लागत राशि 5 लाख रूपये, शासकीय प्राथमिक शाल भवन लागत राशि 15 लाख रूपये, बैजलपुर में सीसी रोड निर्माण लागत राशि 4 लाख रुपये, बैजी में सीसी रोड़ निर्माण लागत राशि 3 लाख रूपये, 3 लाख रूपये से रंग मंच निर्माण होगा। सीसी रोड़ निर्माण लागत राशि 10 लाख रूपये, सीसी रोड़ निर्माण लागत राशि 10 लाख रूपये, सीसी रोड एवं नाली निर्माण लगत राशि 2 लाख 80 हजार रूपये, नाली निर्माण कार्य लागत राशि 2 लाख 50 हजार रुपये,सीसी रोड़ निर्माण हनुमान मंदिर से छोटू राम साहू के घर तक लागत राशि 4 लाख रूपये, बैजी में सीसी रोड़ लागत राशि ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ सामुदायिक भवन, रंगमंच आदि का निर्माण होगा

## दीपेश ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन



### ग्रामीण क्षेत्रों का विकास, विकसित भारत का आधार

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों का विकास ही हमारे विकसित भारत का आधार है। सड़क,बिजली,पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने के लिए 1 वर्षों में डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की है। आगे भी यह विकास यात्रा दोगुनी रफ्तार से जारी रहेगी। **इनकी रही मौजूदगी::** इस दौरान डेरहा राम देवांगन, भागीरथी साहू, ओमकार साहू गोलू कोशले, लीला साहू उपसरपंच, वीरेंद्र साहू खेवेन्द्र साहू, लोमन साहू ,संतोष साहू, सुरेश साहू ,छेदन लाल साहू ,पुरन लाल साहू, झारण साहू, चन्द्रिका साहू देवसिंह साहू, कृष्णासाहू, डोमार साहू, गौकरण साहू, समस्त ग्रामवासी भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नवागढ़ कालेज में आज साइबर फ्रॉड विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**नवागढ़।** शासकीय कोदुराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ में आज साइबर फ्रॉड विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन गया है। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में नई दिल्ली से ख्यातिमान साइबर विशेषज्ञ आलोक विजयंत उपस्थित रहेंगे। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में नई दिल्ली से राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री गोलोक बिहारी रॉय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विक्रमादित्य सिंह तथा रायपुर से डॉ. वर्णिका शर्मा शामिल होंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य गिरीश कांत पांडेय ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में बड़ी संख्या में शिक्षक, शोधार्थी और वरिष्ठ छात्रगण सम्मिलित होंगे। महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने की दृष्टि से आयोजित होने वाली यह राष्ट्रीय संगोष्ठी विगत कई वर्षों के अंतराल पश्चात हो रहा है। महाविद्यालय के शिक्षकगण इस आयोजन को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

### आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल निपानी में हुई पालक- शिक्षक बैठक

**लाटाबोड़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल निपानी में आज पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूजा जग्गा व्याख्याता एवं नगमा परवीन सहायक शिक्षक ने बताया कि बैठक के माध्यम से पांचवीं, आठवीं बोर्ड परीक्षा से संबधित विषय पर चर्चा की गई। साथ ही साथ विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधि और समेटिव असेसमेंट प्रथम की उत्तर पुस्तिकाओं को पालको को दिखाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र- छात्राए उपस्थित थे।

### नये कोटवार की नियुक्ति रद्द कर पुराने को यथावत रखने की मांग

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के ग्राम गिधवा में पुराने कोटवार को हटाकर नए कोटवार की नियुक्ति की गई है। कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ तहसील शाखा डौण्डीलोहारा जिला बालोद द्वारा बार-बार निवेदन किया जा रहा है। परन्तु तहसीलदार देवरी बंगला एवं अनुविभागीय अधिकारी डौण्डीलोहारा द्वारा प्रकरण को अनदेखा किया जा रहा है। प्रकरण को लेकर पुराने कोटवार द्वारा आयुक्त दुर्ग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसकी सुनवाई होने तक नये कोटवार की नियुक्ति नहीं किये जाने की मांग की गयी है। मामले को लेकर 13 दिसंबर दिन शुक्रवार को हड़ताल में जाने की सूचना ब्लॉक कोटवार संघ के अध्यक्ष कन्हैया दास मानिकपुरी द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है। नगर के धरना प्रदर्शन स्थल नगर पंचायत के पास धरना प्रदर्शन किया जाएगा। तत्पश्चात अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक जिला बालोद , अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डौण्डीलोहारा , थाना प्रभारी, रक्षित आरक्षी केन्द्र थाना डौण्डीलोहारा व तहसीलदार डौंडीलोहारा को भी दी गई है।

### बाइक चोरी करने वाला पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि इमली चौक दुर्ग निवासी चंदन यादव 30 नवंबर को बैक आफ महाराष्ट्र सुपेला के सामने अपनी बाइक सीजी. 07 एटी 8476 को रखा हुआ था। जिसे अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया था। जिसका वीडियों फुटेज सीसी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस उसी के आधार पर खोजबीन में जुटी रही। मुखबिर की सूचना पर नेहरू नगर बाजार चौक के पास चोरी की बाइक को बेचने के लिए युवक ग्राहक की तलाश कर रहा था।

### नवागढ़ विकासखंड के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का मंत्री ने किया निरीक्षण

# किसानों की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाएगा: बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल ने मंगलवार को नवागढ़ विकासखंड के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से चर्चा कर धान खरीदी प्रक्रिया और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा और सरकार की योजनाओं का लाभ हर किसान तक पहुंचेगा।

■ गुंजेरा केंद्र में स्टॉक और पंजी के बीच अंतर, जांच के आदेश

मंत्री ने झाल, मुरता, संबलपुर, मारो और गुंजेरा धान खरीदी केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप किसानों से धान की सुगम खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गुंजेरा केंद्र में स्टॉक और पंजी के बीच अंतर पाए जाने पर श्री बघेल ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर मामले की जांच के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं होगा और अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने नापतौल व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता, खाली और भरी बोरियों का वजन खुद चेक किया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और धान खरीदी प्रक्रिया में और बेहतर करने के साथ ही कहा पूरी पारदर्शिता बनी रहे।



**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि टार्जन साहू, अजय साहू, एसडीएम मुकेश गौड़, तहसीलदार विनोद बंजारे सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

### युवा महोत्सव

# युवाओं ने अनेक विधाओं में किया कला का प्रदर्शन

स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत बेमेतरा में विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कंतेली में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम दिव्या पोटाई, जनपद पंचायत अध्यक्ष रीना वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीन कुमार द्वारा माँ सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। आयोजन में जनपद पंचायत क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय और विभिन्न ग्राम पंचायत के प्रतिभागियों द्वारा निर्धारित विधा जिसमें सांस्कृतिक में सामूहिक लोकनृत्य एकल एवं दलीय लोकगीत एकल व दलीय लाइफ स्कील में कहानी लेखन, चित्रकला वक्तृत्व कला/तत्कालीन भाषण, कविता थियेमेटिक में विज्ञान मेला युवा कृति में हस्तशिल्प, टेक्सटाईल व कृषि उत्पाद आदि विधाओ में अपनी प्रस्तुति दी गई । युवा महोत्सव में युवाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस महोत्सव में कई युवा प्रतिभाओं ने अपनी कला, संस्कृति और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य, संगीत, नाटक, और अन्य पारंपरिक कलाओं में युवाओं की भागीदारी ने माहौल को और अधिक जोशपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को कला एवं संस्कृति के प्रति प्रेरित करना और उन्हें मंच प्रदान करना था । विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विभिन्न श्रेणियों जैसे नृत्य, संगीत, नाटक, और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले ▶▶| शेष पेज 11 पर



**ये रहे विजेता**

जिसमें लोकनृत्य दलीय में प्रथम जितेश एवं साथी, पंथी नृत्य चारभाठा लोकगीत दलीय में प्रथम श्याम सेन एवं साथी प्रथम, चित्रकला में लोकेश्वर निषाद प्रथम वक्तृत्व कला/तत्कालिक भाषण में रेशमी वर्मा प्रथम कविता लेखन में दिव्यांशु प्रथम कहानी लेखन में पूजा साहू प्रथम हस्तशिल्प कला में सोनिया साहू बालसमुंद प्रथम विज्ञान मेला में एकल में योगिता साहू प्रथम रहे। प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों के द्वारा शील्ड एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।



# बड़े हादसे का सबब बन सकता है सड़क किनारे खोदा गया गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोक निर्माण विभाग संभाग बेमेतरा से दुर्ग मुख्य मार्ग के बीच ग्राम भेड़नी से बेमेतरा सड़क किनारे खोदा गया गड्ढा दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे है। सूत्रों के अनुसार सड़क किनारे केबल बिछाने हेतु दर्जनों जगह गड्ढे खोद दिया गया है जिन्हें संबंधित ठेकेदार व अधिकारी की लापरवाही के चलते दुर्घटना होने संभावना बनी हुई है। वर्तमान में शीत ऋतु के साथ सुबह व सुबह कोहरा धुंध के कारण सड़क दिखाई नहीं देते। इसी दौरान कहीं सड़क पर बड़ी गाड़ियों का आगमन होने पर एक दूसरे को साइड देने लगते है। वही साइड देने के चलते खोदे गए गड्ढे में जाने से बड़ी दुर्घटना घट सकती है। बता दें कि यह गड्ढा इतना गहरा है कि अगर इसमें कोई पशु चला जाए या कोई छोटा बच्चा गिर जाए तो हादसा होना निश्चित है। लोक निर्माण विभाग संभाग बेमेतरा से दुर्ग का मुख्य मार्ग है। इस सड़क मार्ग से जिले के ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ दुर्घटनाओं को दे रहे आमंत्रण

# बेरला में पूर्व विधायक छाबड़ा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने नगर पंचायत बेरला के सामुदायिक भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली । इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्तायों के बीच पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा उनके कार्यकाल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार में नगर पंचायत बेरला में विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मिली थी जिसे आज भाजपा के द्वारा अपनी उपलब्धि बताकर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। लेकिन आम जनता अच्छी तरीके से समझ चुकी है कि यह भाजपा सरकार जनता के हित के लिए कुछ भी करने वाली नहीं है मात्र नाखून कटा कर शहीद का दर्जा प्राप्त करना चाह रही है । बैठक में नगर पंचायत चुनाव का ध्यान में रखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तैयारी में लग जाने के लिए उत्साहित करते हुए पूर्व विधायक छाबड़ा ने कहा उ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आम जनता तक कांग्रेस की रीति नीति से परिचय कराने तथा प्रदेश की भाजपा सरकार के निष्क्रियता को आम जनता के समक्ष उजागर करने जहां जोर दिया। वही धान खरीदी की व्यवस्था में भारी अराजकता तथा किसानों के साथ हो रहे अन्य को भी आम जनता बताना कि अपील कांग्रेस कार्यकर्ताओं से करते पूर्व विधायक ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ कांग्रेस सरकार के कार्यों को अपना बताकर भाजपा जनता को कर रही है भ्रमित : आशीष

# भारतमाता चौक पर मां भारती की आरती, श्रद्धा और गर्व का प्रतीक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

नगर के हृदय स्थल पर स्थित भारत माता चौक आज जनमानस के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यहां भारत माता की भव्य झांकी, जन-जन की श्रद्धा और राष्ट्रीय गौरव को प्रकट करती है।

विगत एक वर्ष से प्रत्येक सोमवार को स्थानीय पदाधिकारियों और नागरिकों द्वारा मां भारती की आरती का आयोजन किया जाता रहा है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में आस-पास के नागरिक, अभिभावक और जनप्रतिनिधि अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं।

लंबे समय से भारत माता चौक निर्माण की योजना पर काम चल रहा था। नगर के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के संयुक्त प्रयास से यह सपना साकार हुआ। चौक पर स्थापित भारत माता की भव्य प्रतिमा और सेल्फी प्वाइंट यहां आने वाले हर व्यक्ति के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया हैं। समिति के कार्यों को सशक्त और प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से सरिता अनमोल जैन ने एक उच्च गुणवत्ता वाला साउंड सिस्टम प्रदान किया है। इस बहुमूल्य योगदान से समिति के आयोजनों में प्रभावी संवाद और प्रस्तुति सुनिश्चित होगी।

### सौंदर्यीकरण ने बढ़ाई शोभा

चौक के सौंदर्यीकरण और सड़क चौड़ीकरण ने नगर की सुंदरता में चार चांद लगा दिए हैं। यहां का सुव्यवस्थित परिवेश और भव्यता इसे पहचान दिलाने की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है। आने वाले समय में यह स्थल /"भारत माता चौक/" के नाम से खम्हरिया की एक विशिष्ट पहचान बनेगा। नगरवासी इस पहल को अपने गौरव का प्रतीक मानते हैं और इसका संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार करने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

### कलेक्टर शर्मा ने शीतलहर पाला के संबंध में की अपील

# ठंड व शीतलहर से बचने बनाएं पर्याप्त व्यवस्था, बच्चों व वृद्धों का रखें ध्यान

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं भारत मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकारण एवं भारत मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा अलर्ट जारी किया गया है कि, माह दिसम्बर से जनवरी के बीच ठंड की व्यापकता और तीक्ष्णता शीतलहर का रूप ले लेती है।

इस वर्ष भी दिसम्बर माह से ठंड प्रारंभ हो गई है। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रो में निःसहाय, आवासहीन, गरीब, वृद्ध एवं स्कूल जाने वाले विद्यार्थी इत्यादि के ठंड से प्रभावित होने की संभावना है। जिस संबंध में बचाव हेतू क्या करे या क्या ना करे का दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं । इसके अंतर्गत मौसम संबंधित समाचार व आपातकाल के संबंध में जारी जानकारी को ध्यान से सुने व पढ़ें। अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर जाएं। वृद्ध एवं बच्चो का ध्यान रखें तथा उन्हें अकेला ना छोड़ें । यह भी सुनिश्चित करे, कि पावरसप्लाई आपातकाल में भी रहे। ऐसे आवास का उपयोग करे जहाँ तापमान सही रहता हो। आवश्यकतानुसार गर्म पानी पीते रहे। बिजली का प्रवाह अवरूद्ध होने की स्थिति में फ्रीज में खाने के सामान को 48 घंटे से ज्यादा न रखे। शीतलहर से बचाव के लिए टोपी या मफलर का उपयोग किया जा सकता है तथा सिर व कान ढककर रहे। यदि कैरोसिन या कोल के हिटर का उपयोग करते हो तो गैस व धुए निकलने के लिए रोशनदान की व्यवस्था रखे ।



### सर्दी का प्रभाव दिखें तो तत्काल अस्पताल जाएं


स्वास्थ्यवर्धक भोजन, गर्म व ताजा भोजन का ही सेवन करे। यदि सर्दी से संबंधित कोई प्रभाव शरीर पर दिखाई दे-जैसे नाक, कान, पैर-हाथ की उंगलिया आदि लाल हो तो तत्काल अपने नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य संस्थान में संपर्क करे। असामान्य तापमान की स्थिति, अत्यधिक कांपना, सुस्ती, कमजोरी, सांस लेने में आदि में परेशानी हो तो तत्काल अपने नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य संस्थान में संपर्क करे।

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### केंद्रीय मंत्री किंजरापु से मिले बृजमोहन

**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात की। इस दौरान रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने के संबंध में एयरपोर्ट पर कस्टम, इमिग्रेशन ऑफिस, कार्गो हब, नाइट पार्किंग सुविधा विकसित करने को लेकर व्यापक चर्चा कर रायपुर एयरपोर्ट के उन्नयन के लिए अपने विचार साझा किए। बैठक का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की कनेक्टिविटी को मजबूत बनाना और इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों पर ले जाना था। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल और विधायक सुनील सोनी भी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री आज पखांजूर जाएंगे

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बुधवार को हेलीकॉप्टर से पखांजूर जाएंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 2 बजे पुलिस मुख्यालय हेलीपेड नवा रायपुर से हेलीकॉप्टर से पखांजूर जाएंगे। मुख्यमंत्री वहां की पुराना बस स्टैण्ड स्वर्गीय असीम राय की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास और आम सभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री पखांजूर से संध्या 5 बजे रायपुर लौट आएंगे। शाम 5 बजे रायपुर के भाटागांव अंतर्राज्जीय बस टर्मिनल में नवनिर्मित को-वर्किंग स्पेस आरंभ एवं इनोवेशन सेंटर इनोवेट का लोकार्पण करेंगे।

### सौर ऊर्जा से जगमग होंगे 23 प्रमुख पर्यटक स्थल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोनाखान की धरती से बलौदाबाजार भाटापारा जिले के 23 प्रमुख ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थलों के लिए सोलर हाईमास्ट लगाने की महत्वपूर्ण घोषणा की है। इसमें 23 स्थानों पर 50 से अधिक सोलर हाईमास्ट लाइट लगाने की तैयारी की जा रही है। सोलर हाईमास्ट लाइट लगने से पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थल सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। उक्त कार्य के लिए नोडल एजेंसी क्रेडा को निर्धारित किया गया है।

### सिम्स में साठ दिन की हड़ताल, तीन साल बाद स्वीकृत हुआ अवकाश

**रायपुर।** बिलासपुर के शासकीय मेडिकल कालेज प्रबंधन के खिलाफ साठ दिन की हड़ताल को अवकाश अवधि माना गया है। तीन साल बाद मामले में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। कर्मचारियों के आंदोलन को अवकाश मानने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा काफी समय से अधिकारियों से डिमांड की जा रही थी।

वर्ष 2021 में छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेस (सिम्स) प्रबंधन पर कर्मचारियों ने निष्क्रियता का आरोप लगाया था। संबंधित डीन को हटाने के लिए उन्होंने मोर्चा खोला और दो दौर में साठ दिन की हड़ताल पर चले गए थे। कर्मचारी आंदोलन के बाद तात्कालीन अधिष्ठाता को हटा दिया गया था। इसके बाद कर्मचारियों की हड़ताल अवधि का वेतन फंस रहा था और कर्मचारी इसे अवकाश स्वीकृत करने की मांग कर रहे थे। शासन द्वारा इस मामले को पेंडिंग में डाल दिया गया था। इसके बाद प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, चिकित्सा शिक्षा विभाग की आयुक्त किरण कौशल से इस मामले में मुलाकात की थी। शासन की ओर तीन साल पुरानी साठ दिन की लंबी हड़ताल को अवकाश स्वीकृत करने का मंगलवार को आदेश जारी कर दिया है। साथ ही इस बात का जिक्र किया गया है, जिस कर्मचारी का अर्जित अवकाश शेष ना हो उसे असाधारण अवकाश प्रदान किया जाए।

# शादी का प्रलोभन-शारीरिक शोषण मामले में पीड़िता को 20 लाख रुपए की मिली क्षतिपूर्ति राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने के मामले में पहली बार पीड़िता और आरोपी के बीच सुलहनामा हुआ है। इस सुलहनामे के तहत आरोपी ने पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में 20 लाख रुपए की राशि दी है।

आयोग में महिला ने एक व्यक्ति के विरुद्ध शिकायत की थी कि कई वर्ष तक आरोपी ने शादी का प्रलोभन देकर उसका शारीरिक शोषण किया है। इस बीच जब भी वह शादी करने की बात करती, वह बहाना बनाकर टाल देता। पीड़ित महिला ने आयोग को बताया कि जब उसने शादी करने के लिए दबाव बनाया तो उसने साफ इंकार कर दिया, जिसके बाद उसने न्याय पाने के लिए आयोग में उसके विरुद्ध केस किया है। इधर इस प्रकरण में पूर्व सुनवाई के दौरान आरोपी ने पीड़िता के साथ सुलह करते हुए उसे 20 लाख रुपए क्षतिपूर्ति के रुप देने की सहमति जताई थी। इस सहमति के तहत आरोपी ने नकदी 10 लाख रुपए एवं 10 लाख रुपए का चेक पीड़िता को आयोग के समक्ष दिया। आयोग ने इस दौरान दोनों के बीच इकरारनामा बनाया कि भविष्य में अनावेदक पीड़िता को परेशान नहीं करेगा, साथ ही आवेदिका भी बिना किसी कारण अनावेदक के विरुद्ध किसी प्रकार का केस दर्ज नहीं कराएगी।

## छत्तीसगढ़ महिला आयोग में सुनवाई के दौरान आरोपी-पीड़िता के बीच हुआ समझौता




### बुआ के साथ ठगी करने वाला भतीजा और बैंक मैनेजर गिरफ्तार

आयोग में एक अन्य प्रकरण में एक महिला ने अपने भतीजे और बैंक मैनेजर पर झूठे दस्तावेज प्रस्तुत कर उसके नाम के जमीन को बैंक में गिरवी रखकर 10 लाख रुपए का लोन निकालने का आरोप लगाते हुए केस किया था। महिला आवेदिका ने आयोग को बताया कि अनावेदक फर्जी तरीके से उसके जगह पर दूसरी महिला का फोटो लगाकर तत्कालीन बैंक मैनेजर के साथ सांठ-गांठ कर बिना किसी वेरीफिकेशन के 10 लाख रुपए का लोन निकाला था। आयोग ने इस प्रकरण को महज दो सुनवाई में निराकरण किया है। आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने वर्तमान बैंक मैनेजर को बैंक के मुख्य अधिकारी से इस मामले में जांच-पड़ताल कर कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा तत्कालीन बैंक मैनेजर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया गया था। इस निर्देश के तहत पुलिस ने तत्कालीन बैंक मैनेजर, आवेदिका के भतीजे और इस गिरोह का एक अन्य व्यक्ति जो लोन लेने के समय में गारंटर बना था। इन तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस इस मामले में आगे और जांच-पड़ताल कर रही है, जिससे पता चलता है कि यह फर्जीवाड़ा सिर्फ एक नहीं है यह आरोपी लगातार कई वर्षों से लोगों को ठग रहे है।

# धान खरीदी में अव्यवस्था कांग्रेस का ब्लॉकों में धरना

**पीसीसी अध्यक्ष की सीएम को चुनौती- एक पंचायत बताएं जहां भुगतान का काउंटर हो**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानी तथा धान खरीदी केंद्र में फैली अव्यवस्था को दूर करने कांग्रेस ने प्रदेश के सभी ब्लॉकों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि धान खरीदी की परेशानी दूर करने के लिये सरकार को निर्देश दें।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मानपुर के दुर्गा चौक में धरने में शामिल हुये। उन्होंने कहा, हम लगातार किसानों की परेशानियों को दूर करने के लिये सरकार से आग्रह कर रहे हैं। धान खरीदी केंद्रों में किसानों को परेशान किया जा रहा। सरकार की मंशा साफ नहीं है। वह किसानों से पूरा धान नहीं खरीदना चाह रही। बारदानों का संकट है, टोकन नहीं मिल रहा, इलेक्ट्रॉनिक कांटे से ज्यादा मात्रा में धान लिया जा रहा, इन सबको लेकर हमने बार-बार सरकार को चेतावनी दी। सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री कहते हैं एकमुश्त पैसा दे रहे, जबकि मात्र 2300 की दर में भुगतान हो रहा है। वादा किया था पंचायतों में काउंटर खोलकर धान का 3100 रुपए एकमुश्त भुगतान करेंगे। मैं मुख्यमंत्री को चुनौती देता हूं कि प्रदेश के कितने पंचायतों में काउंटर खोलकर किसानों का भुगतान कर रहे, बताएं साहस है तो एक पंचायत का नाम बता दें। सभी ब्लॉकों से अलग-अलग राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। किसानों की समस्या दूर करने के लिये हस्तक्षेप करने को कहा है।




### धनेंद्र और डहरिया ने दिया धरना

रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में अभनपुर ब्लॉक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू, आरंग में मंदिर हसौद में पूर्व मंत्री शिव डहरिया, धरसीवां में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, बिरगांव में पंकज शर्मा, तिल्दा में देवा दास टंडन ने प्रदर्शन में भाग लिया।

### प्रदेश सरकार की धान खरीद नीति से किसान खुश- शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने धान खरीदी को लेकर कांग्रेस द्वारा किए गए धरना-प्रदर्शन को कांग्रेस का फ्लॉप शो बताया। उन्होंने कहा, कांग्रेस प्रदेश के किसानों को अपने झूठ से कतई गुमराह नहीं कर पाएगी। प्रदेश का एक-एक अन्नदाता किसान आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा की प्रदेश सरकार की धान खरीद नीति से खुशहाल है। धान खरीदी को लेकर कांग्रेस अपने शासनकाल के गलत कामों पर पर्दा डालने के लिए अब किसानों को उकसा कर प्रदेश में अराजकता लाने की नाकाम कोशिश कर रही है। कांग्रेस बारदाना, टोकन और तौल को लेकर मिथ्या प्रलाप करने में लगी है।

# सवन्नी बोले- कांग्रेस अब सीधे चुनावी लड़ाई लड़ने की स्थिति में नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और नगरीय निकाय चुनाव के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी ने कहा, जबसे छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रदेश सरकार ने नगरीय निकायों के महापौर व अध्यक्षों के प्रत्यक्ष चुनाव का फैसला लिया है, कांग्रेस को अपने पैरों तले अपनी राजनीतिक जमीन के पूरी तरह खिसक जाने का डर सताने लगा है। सच्चाई यह है कि कांग्रेस अब सीधे चुनावी लड़ाई लड़ने की स्थिति में नहीं है। श्री सवन्नी ने कहा, पिछले विधानसभा व लोकसभा चुनाव के बाद हाल ही रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में करारी शिकस्त खाने के बाद कांग्रेस अब भाजपा से सीधी चुनाव लड़ाने से डरने लगी है क्योंकि एक तो उसके पास अब नेताओं का अकाल पड़ गया है, दूसरे कांग्रेस में मचा घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है और उसे पर तुर्रा ये की एक साल की विष्णु देव साय सरकार ने मोदी की गारंटी पूरी करते हुए किसानों, महिलाओं, युवा, आम नागरिक के हित, उन्नति के बड़े-बड़े फैसले ले लिए हैं, जो कांग्रेस 5 साल में भी नहीं कर सकी थी। श्री सवन्नी ने कहा, पिछली भूपेश सरकार के कार्यकाल में भी कांग्रेस को 2018 के विस चुनाव में मिली जीत के बाद भी निकाय चुनाव में जीत का जरा भी आत्मविश्वास नहीं था। अपनी सियासी फजीहत से बचने के लिए ही कांग्रेस ने पिछली बार चोर दरवाजे से महापौर और अध्यक्ष के पदों पर जोड़-तोड़ और खरीद-फरोख्त व धमकी-चमकी के दांव-पेंच अपनाकर छद्म जीत दर्ज की थी। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने प्रत्यक्ष चुनाव का फैसला पलटने से पहले यह तक नहीं सोचा कि अविभाजित मध्यप्रदेश में कांग्रेस की दिग्विजय-सरकार ने निकायों में महापौर और अध्यक्ष पदों के लिए प्रत्यक्ष चुनाव का निर्णय लिया था। अपनी ही पार्टी के फैसले को पलटते समय कांग्रेस तब भी डर रही थी और आज भाजपा सरकार द्वारा भूपेश सरकार के फैसले को पलटने के बाद भी डरी हुई है।




## एमआईसी की बैठक आज

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के मेयर इन कौंसिल की बैठक 12 दिसंबर को गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में आयोजित है। महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में आयोजित यह बैठक दोपहर 3 बजे से रखी गई है। जिसमें गरीबों के पेंशन प्रकरण सहित जनहित से जुड़े विषय एमआईसी में चर्चा के लिए रखे जाएंगे। इस बात की जानकारी निगम के सचिव एवं अपर आयुक्त विनोद पांडेय ने दी है।

# श्यामा प्रसाद, कुशाभाऊ, दीनदयाल, अटल बिहारी, राजमाता सिंधिया की मूर्तियों का अनावरण करेंगे नड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में स्मृति मंदिर बनाकर रखी गई हैं मूर्तिया

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश भाजपा संगठन ने अपनी पार्टी के स्वर्गीय दिग्गज नेताओं की स्मृतियों को संजोने के लिए एक स्मृति मंदिर का निर्माण किया है। इसमें कुशाभाऊ ठाकरे, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और राज माता सिंधिया की मूर्तियां रखी गई हैं। इन मूर्तियों का अनावरण भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 13 दिसंबर की शाम को करेंगे। इसी दिन प्रदेश की भाजपा सरकार का एक साल पूरा हो रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की इसी दिन दोपहर को साइंस कॉलेज के मैदान पर आमसभा भी होगी। प्रदेश की भाजपा सरकार का 13 दिसंबर को एक साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बताने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आ रहे हैं। वे यहां पर दिल्ली से दोपहर को 2.50 बजे पहुंचेंगे। विमानतल से वे सीधे साइंस कॉलेज के मैदान जाएंगे। वहां पर एक बड़ी आम सभा होगी। इस सभा की समाप्ति के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकरे परिसर पहुंचेंगे। यहां पर वे सबसे पहले स्मृति मंदिर में पांच नेताओं की मूर्तियों का अनवारण करेंगे। सभी मूर्तियों को पंचधातुओं से बनाया गया है। मूर्तियों को राजनांदगांव के कलाकारों ने तैयार किया है। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव सहित सभी मंत्री, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सहित भाजपा ने सांसद, विधायक, प्रदेश के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।



# शिष्टाचार में दी मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं, स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में व्यापक सुधार की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व स्वास्थ्य तथा उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि एकीकृत अस्पताल निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शिष्टाचार के तहत शुभकामनाएं दी थी। कांग्रेस शासनकाल में बनाई गई यह योजना एक सचिव स्तर के अफसर और नाबार्ड की लोन प्रक्रिया की वजह से विलंब हुई थी। उन्होंने कहा स्वास्थ्य सेवा की स्थिति राज्य में अभी चिंताजनक है और इसमें व्यापक सुधार की आवश्यकता है।

हरिभूमि से चर्चा के दौरान पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि एकीकृत अस्पताल की योजना कांग्रेस शासनकाल में बनी थी। इसके लिए चिकित्सा महाविद्यालय के हीरक जयंती के दौरान भूमिपूजन भी किया गया था, मगर इसे कांग्रेस शासनकाल में पूरा नहीं किया जा सका, जिसका उन्हें दुख है। इस एकीकृत अस्पताल का निर्माण पूर्ण होने से प्रदेश की जनता को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए सबसे पहली जरूरत मानव संसाधन की होती है।



तमाम उपकरण और सुविधाएं डाक्टर सहित चिकित्सकीय स्टॉफ के अभाव में काम की नहीं रह जाती। यहां स्वास्थ्य केंद्रों में इसकी कमी को प्राथमिकता के साथ दूर किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पता चला है कि अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत करोड़ों रुपए का भुगतान नहीं हुआ है जिसकी वजह से उपचार व्यवस्था प्रभावित हो रही है। आंबेडकर अस्पताल के विस्तार के संबंध में उन्होंने कहा कि मरीजों की संख्या के हिसाब से भवन छोटा पड़ रहा है। हमारी योजना जेल की शिफ्टिंग के बाद वहां की जमीन का उपयोग अस्पताल के विस्तार के लिए करने की थी। देवेन्द्र नगर की ऑफिसर कालोनी के नवा रायपुर में शिफ्टिंग के बाद वहां का उपयोग अस्पताल की सुविधा बढ़ाने के लिए किए जाना था मगर दोनों की शिफ्टिंग अब तक नहीं हुई है।

### मुख्यमंत्री ने भी आभार जताया

टीएस सिंहदेव ने कहा कि निर्माण प्रक्रिया शुरू करने के लिए उन्होंने व्यक्तिगत मंशा के अनुरूप शुभकामनाएं दी थी। इसके जवाब में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी इसके लिए उनका अभार जताया था। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने प्रदेश में स्वास्थ्य की लचर व्यवस्था पर जो सवाल उठाएं है वह सही है।

## 15 हजार मीट्रिक टन धान का हुआ उठाव

# सोसाइटियों से धान का उठाव शुरू, सवा लाख टन का डीओ कटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में चल रही धान खरीदी के बाद धान का उठाव नहीं होने से पौने दो हजार उपार्जन केंद्रों में बफर स्टॉक की स्थिति को देखते हुए जिले में पंजीकृत मिलरों को डीएमओ द्वारा उठाव के लिए डीओ जारी किया जा रहा है। डीओ जारी करने के बाद मंगलवार से मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी शुरू कर दिया गया है। धान उठाव के लिए 1.22 लाख मीट्रिक टन धान का डीओ जारी किया गया, जिसके विरुद्ध 15 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

उठाव की गति धीमी होने के कारण अब भी प्रदेश के हजारों खरीदी केंद्रों में बफर स्टॉक के चलते खरीदी पर प्रभाव पड़ा। धान खरीदी केंद्रों में मंगलवार को उठाव शुरू होने के बाद अब मार्कफेड के अधिकारी बफर स्टॉक कम करने पर ध्यान दे रहे हैं। राइस मिलरों द्वारा अपनी मांगों को लेकर दूसरे दिन भी उठाव को लेकर ज्यादा रूचि नहीं दिखाई। जिला प्रशासन के दबाव में कई जिलों से 15 हजार टन धान का उठाव किया गया। वहीं प्रदेश के मिलरों के पंजीयन का काम भी जारी है। 1600 आवेदनों में से लगभग 1200 से अधिक मिलर्स का पंजीयन भी हो गया है। डीएमओ द्वारा उठाव का आदेश जारी किया जा रहा है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। धान का उठाव शुरू होने से समितियों ने राहत की सांस ली है।



### अब तक 38.98 लाख टन खरीदी

राज्य में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक 38.98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 8.28 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 8973 करोड़ 24 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। खरीदी केंद्रों में करीब 36 लाख टन से अधिक धान के स्टॉक को देखते हुए मार्कफेड ने संग्रहण केंद्रों के लिए भी उठाव शुरू किया है।

### किसानों के लिए हेल्प लाइन

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 10 दिसम्बर को 78387 किसानों से 3.02 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 93197 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 94280 टोकन जारी किए गए हैं। राज्य सरकार धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर जारी किए है। धान बेचने वाले कोई भी किसान इस हेल्पलाईन नम्बर पर फोन कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते है।

### इन जिलों में अब भी बफर स्टॉक

बताया जाता है कि प्रदेश के महासमुंद, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, धमतरी, कवर्धा, राजनांदगांव जिले के कई खरीदी केंद्रों में बफर स्टॉक की स्थिति बनी हुई है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में मिलरों को डीओ मिलने के बाद तेजी से उठाव होगा। प्रदेश के दुर्ग, बेमेतरा, महासमुंद जिले की कई समितियों ने पहले ही जगह न होने के कारण खरीदी बंद होने की संभावनाओं के बाद यहां पर कलेक्टरों को उठाव पर ध्यान देने कहा गया है।

# सभी 33 जिलों के लिए प्रभारी सचिव नियुक्त


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए प्रभारी सचिव नियुक्त किए गए हैं। संबंधित जिले के प्रभारी सचिव, जिले में संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करेंगे, ताकि विकास कार्यों को गति दी जा सके।

प्रभारी सचिव प्रतिमाह कम से कम एक बार अपने प्रभार जिले का भ्रमण कर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और अपने भ्रमण के संबंध में एक संक्षिप्त टीप प्रतिमाह मुख्य सचिव को प्रस्तुत करेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर मुख्य सचिव रेणु जी पिल्ले को धमतरी जिला का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू को दुर्ग, ऋचा शर्मा को रायपुर, मनोज कुमार पिंगुआ को बिलासपुर जिला, प्रमुख सचिव निहारिका बारिक को महासमुंद जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा को जांजगीर चांपा, सचिव रोहित यादव को कोरबा, सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह को बस्तर, सचिव परदेशी सिद्धार्थ कोमल को बलौदाबाजार-भाटापारा, सचिव अविनाश चंपावत को राजनांदगांव, सचिव प्रसन्ना आर. को कबीरधाम, सचिव अम्बलगन पी. को जशपुर, सचिव आर शंगीता को सारंगढ़-बिलाईगढ़, सचिव रजत कुमार को रायगढ़, सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो को नारायणपुर, सचिव एस. प्रकाश को कोरिया, सचिव अंकित आनंद को बालोद, सचिव डॉ. सीआर. प्रसन्ना को बेमेतरा, सचिव भुवनेश यादव को सूरजपुर, सचिव एस. भारतीदासन को मुंगेली जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। सचिव शम्मी आबिदी को कांकेर, सचिव हिमशिखर गुप्ता को गरियाबंद, सचिव मो. कैसर अब्दुलहक को गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही, सचिव यशवंत कुमार को बलरामपुर-रामानुजगंज, सचिव भीम सिंह को कोण्डागांव, सचिव शिखा राजपूत तिवारी को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, सचिव नरेन्द्र कुमार दुग्गा को सुकमा, आयुक्त किरण कौशल को सक्ती, संचालक सौरभ कुमार को दंतेवाड़ा, संचालक सुनील कुमार जैन को सरगुजा, विशेष सचिव जयप्रकाश मौर्य को मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, विशेष सचिव सारांश मित्तर को बीजापुर और प्रबंध संचालक रमेश कुमार शर्मा को मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है।



## खबर संक्षेप



### वेतन बढ़ाने डिप्टी सीएम से मिला आईपीए

**रायपुर।** पांच केंद्रीय सहित तमाम उपजेलों में पदस्थ फार्मासिस्टों की वेतन विसंगति दूर करने आईपीए के प्रतिनिधिमंडल ने गृहमंत्री एवं डिप्टी सीएम विजय शर्मा से मुलाकात की। उन्हें बताया गया कि जेलों में कार्यरत फार्मासिस्ट का ग्रेड पे 1900 है जिसे स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट ग्रेड 2 के बराबर 2400 किया जाना चाहिए। राज्य शासन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के वेतन विसंगति को दूर करने पिंगुवा कमेटी का गठन किया है। पूर्व में जेल और स्वास्थ्य विभाग के फार्मासिस्ट के वेतन समरूप किए जाने आईपीए ने गृह सचिव को पत्राचार किया था। जेल फार्मासिस्ट भर्ती नियम में शैक्षणिक योग्यता कालम में त्रुटि सुधार किया गया मगर वेतन विसंगति को दूर नहीं किया गया। प्रतिनिधि मंडल में आईपीए के राज्य संयोजक फार्मासिस्ट वैभव शास्त्री , जेल फार्मासिस्ट योगिता गोस्वामी और रायपुर जिला अध्यक्ष तिनेंद्र साहू उपस्थित थे।

### समुद्र मंथन और वामन अवतार की कथा सुनाई



**रायपुर।** रायपुरा चंगोराभाटा में मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसर दिन मंगलवार को पंडित झम्मन शास्त्री ने समुद्र मंथन एवं वामन अवतार की कथा सुनाई। उन्होंने आगे कहा कि, भागवत कथा आयोजन कोई मनोरंजन की वस्तु नहीं है यह मोक्ष और ईश्वर प्राप्ति का साधन है, लेकिन आजकल के कथाकार व्यास पीठ की मर्यादाएं लाग रहे हैं, श्रीमद् भागवत जैसे पुण्य ग्रंथ को मनोरंजन का साधन बनाकर नाच गाना कर रहे हैं, इसके लिए श्रद्धालु दोषी नहीं है, व्यास पीठ के महत्व नहीं समझना और अल्पज्ञ कथाकार ही इसके दोषी हैं।

**निरीक्षण :** कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार की धान खरीदी नीति का किया विरोध

# खरीदी केंद्र में बारदाने नहीं, इलेक्ट्रानिक कांटे में 2.5 किग्रा ज्यादा धान ले रहे, किसानों को दे रहे 31 की जगह 23 सौ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ब्लाक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने धान खरीदी में हो रही परेशानी को देखते हुए उसे सुधार के लिए 11 सूत्रीय मांगपत्र अधिकारी को सौंपा। इसके पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार की धान खरीदी नीति का जमकर विरोध किया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा कर रहे थे।

■ कांग्रेसियों ने 11 सूत्रीय मांगपत्र अधिकारियों को सौंपा

ज्ञापन मे कहा गया है धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान हो रही है। कांग्रेसियों द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान धान खरीदी केन्द्रों में कई खामिया नजर आई। जिसमें खरीदी केन्द्रों में बारदाने की कमी है। किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानों की व्यवस्था स्वयं करो, उसका भुगतान किया जाएगा। लेकिन किसानों के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा। पुराने बारदाने फटे हुए हैं, जिसमे धान भरा भी नहीं जा सकता।

टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, नंबर ही नहीं आ रहा। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिए किसानों को बुलाया जा रहा है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नही मिल रहा है। इलेक्ट्रानिक कांटा मे 1.5 से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है, सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है। धान के बोरे जाम है, जगह का अभाव हो गया है। बड़े किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, उनकी बारी ही नहीं आ रही है। सरकार ने यह घोषणा किया है कि 71 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आएगा। लेकिन जो लोग धान बेच चुके हैं। उनके खाते में रकम हफ्तों तक नहीं आई है, जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नही है, सिर्फ 2300 रुपए प्रति क्विंटल ही आ रहा है। भाजपा ने 3100 रुपए एकमुश्त देने का वादा किया था। हमारी मांग है कि कीमत का भुगतान 3217 रुपए में करे, क्योंकि 3100 रुपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। इस वर्ष केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रू. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाए। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जाएगा।



**ये रहे उपस्थित** इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, ब्लाक अध्यक्ष तामेश्वर साहू, जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, महामंत्री सादिक अली, टोमन साहू, जितेन्द्र यादव, ओंकार महमल्ला, भगवानदास मुलचुरिया, जीवराखन साहू, खिलेश्वर केहरी, यशवंत गोस्वामी, संजय चौधरी, सुमीत राजपूत सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## शिकारीटोला में धान खरीदी रही बंद

**कुसुमकसा।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केंद्रों में बम्फर आवक होने व खरीदे गए धान का परिवहन ना होने से जगह के अभाव में धान खरीदी बंद किए जाने से किसानों की समस्या बढ़ती जा रही है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा के धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला में जगह के अभाव में 11 दिसंबर को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी बंद रही। ग्राम चिपरा का किसान जानकारी के अभाव में 11 दिसंबर को टोकन कटे अनुसार धान बिक्री करने ट्रैक्टर में धान भरकर सुबह धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला पहुंचा। गेट नहीं खुलने पर किसान ने पता लगाया तो मालूम चला कि आज धान खरीदी बंद है। कृषक परेशान हो गया किया उसे इसकी जानकारी नहीं है। ग्राम गुजरा का निवासी हूं व मेरी कृषि भूमि ग्राम चिपरा में होने के कारण वहां का किसान हूं। ट्रैक्टर किराया कर धान लेकर आया हूं। साथ ही काम करने के लिए मजदूर भी दिहाड़ी में लाया हूं, मेरा तो डबल नुकसान हो जाएगा। उक्त समस्या को समिति प्रबंधक को अवगत कराया। समिति प्रबंधक किसान की समस्या को देखते हुए उसके द्वारा लाए गए धान को परिसर के अंदर एक साइड में रखवाया गया, तब किसान ने राहत की सांस ली।



### खबर का असर, 5000 क्विंटल धान का परिवहन

धान परिवहन की धीमी गति खरीदी आज से बंद शीर्षक से हरिभूमि में खबर प्रकाशित होते ही बुधवार को लगभग 5000 क्विंटल धान संग्रहण केन्द्र परिवहन किया गया। जिससे 12दिसंबर को खरीदी प्रारंभ होगी। किसानों ने कहा की शासन प्रशासन परिवहन की व्यवस्था को जल्द दुरुस्त करने की मांग की है। जिससे वे अपना धान समर्थन मूल्य में बिक्री कर अपने होने वाले नुकसानी से बच सके।

### आज की जाएगी खरीदीः समिति प्रबंधक

भीखम लाल साहू समिति प्रबंधक ने बताया की 11 दिसंबर को धान खरीदी बंद रही। साथ ही क्विंटल धान का परिवहन संग्रहण केन्द्र किया गया। जगह खाली होने से जिनका धान बिक्री का टोकन 12 दिसंबर का कटा है। उन किसानों का धान 12दिसंबर को खरीदा जाएगा। जगह के अभाव में धान बिक्री के लिए किसानों के 13दिसंबर को कटा टोकन की धान खरीदी बंद रहेगी। वही संशोधन के तहत 11 दिसंबर के धान बिक्री के लिए किसानों द्वारा कटाए टोकन की धान नहीं खरीदी गई है उसमे क्रमानुसार 1 से 20 नंबर तक के टोकन धारी किसान का धान 13 दिसंबर को खरीदी किए जाने की जानकारी दी है।

20 दिसंबर से शुरू होंगे

# डोटोपार में तीन दिवसीय श्रीमद् रामचरित मानसगान प्रतियोगिता, सियानों का सम्मान भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्राम डोटोपार मे पंडित सुरेश चतुर्वेदी की स्मृति में तीन दिवसीय श्रीमद् रामचरित मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 22 दिसंबर को किया जाएगा। वही 23 दिसंबर को नववर्ष उत्सव के तहत ग्राम मंडई व रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था का कार्यक्रम रखा गया हैं। जिसमें 20 दिसंबर को ग्राम के 70 साल से ऊपर के सियानों का सम्मान किया जाएगा। वही 21 दिसंबर को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है। जिसमे पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3501 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2501 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 2001 रूपये, पंचम पुरस्कार 1501 रूपये, षष्ठम पुरस्कार 1201 रूपये रखा गया है। वहीं महिला वर्ग मे प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2501 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये रखा गया है। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता के तहत प्रथम पुरस्कार 444 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 333 रूपये, तृतीय पुरस्कार 222 रूपये रखा गया है। उद्घाटन समारोह पर 20 दिसंबर को मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद मीना सत्येन्द्र साहू होंगी। अध्यक्षता सदस्य जनपद पंचायत गुरूर चांदनी भोजराम देवांगन करेंगी। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष तहसील साहू समाज गुरूर महेन्द्र साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कोलिहामार लेखक चतुर्वेदी, तिरेन्द्र देवांगन, सोमेश चतुर्वेदी, अश्वनी दुबे उपस्थित रहेंगे।

### समारोह में शामिल होंगी विधायक संगीता

22 दिसंबर को मुख्य अतिथि विधायक बालोद संगीता सिन्हा होगी। अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद केदारनाथ देवांगन करेंगे। विशिष्ट अतिथि ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गुरूर तामेश्वर साहू, सरपंच ग्राम पंचायत डोटोपार अजय चतुर्वेदी, विधायक प्रतिनिधि टोमन लाल साहू, पूर्व उपसरपंच डोटोपार बीरबल साहू एवं बुथ अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। 22 दिसंबर को समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि रामकुमार साहू होंगे। अध्यक्षता जय प्रकाश राजपूत करेंगे। विशिष्ट अतिथि सेवक राम नेले, सचिव ग्राम पंचायत भिरई तीरथ राम साहू, निवेश चतुर्वेदी, गिरधर साहू, थले"वर कलिहारी उपस्थित रहेंगे।

# गांव की गलियों से लेकर चौराहों तक 32 सीसीटीवी से निगरानी, फिर भी चोर उड़ा रहे पंपों के केबल वायर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम हिरापुर में लाखों की लागत से गलियों में तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरा लगाने के बाद भी चोरी की घटनाएं थम नहीं रही है। चोरों के हौसले बुलंद हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत का महौल है।

ग्राम हिरापुर मे एक साल पूर्व ग्राम विकास समिति द्वारा ग्राम में 32 सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। ताकि ग्राम में चोरी की घटनाओं के साथ असामाजिक तत्वों में अंकुश लगाया जा सके। ग्राम में सीसीटीवी कैमरा लगाने के बाद भी ग्राम में चोरी की घटनाएं सामने आ रही है। ग्राम हिरापुर में जिन दो जगहों के शासकीय बोर के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाता है। चोरों ने उन्हीं दो बोर पर धावा बोलते हुए दिनदहाड़े दो बोर के 60 फीट केबल चोरी कर लिये। ग्राम के पंप ऑपरेटर गजराज साहू ने बताया कि सुबह जब 10 बजे वे बोर बंद करने बोर मशीन के पास पहुंचा तो सब ठीक था। शाम 4 बजे पंप चालू करने के लिए गया तो लगे वायर चोरी हो गए थे, जिसके कारण ग्रामीणो को पीने का पानी उपलब्ध नहीं करा पाए।



■ ग्राम हिरापुर में पुलिस व ग्रामीणों को चोर दे रहे चुनौती

### शिकायत पर नहीं हो रही कार्रवाई

किसान पुनमचंद, हिंछा राम, बलीराम, बिरू साहू ने बताया ग्राम हिरापुर मे 4 माह पूर्व 8 ग्रामीणों के खेतों में लगे पंपों के कुल 200 फीट वायर की चोरी कर ली गई थी। जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा कोतवाली थाने मे शिकायत दर्ज कराई गई थी। लेकिन पुलिस द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके कारण ग्राम में चोरों के हौसले बुलंद है। वहीं कुछ दिनों पूर्व अलग अलग दिन गंगाराम निषाद, खूबलाल साहू, गणपत साहू, जीतू साहू की चार सायकल चोरी की घटना भी सामने आ चुकी है।

### शिकायत दर्ज कराएंगे

सरपंच कुलेश्वरी ठाकुर ने कहा कि सीसीटीवी कैमरा खंगालने के बाद थाने मे शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

### 3 लाख सीसीटीवी कैमरे बने शोपीस

बता दें कि ग्रामीणो द्वारा सामूहिक बैठक कर निर्णय लिया गया था कि चोरों से निपटने तथा चोरो मे भय उत्पन्न करने की नीयत से ग्रामीणों द्वारा 3 लाख की लागत से एक साल पूर्व ग्राम की गलियों के साथ प्रमुख चौराहों में सीसीटीवी कैमरा 32 जगहों पर लगाया गया था। माना जा रहा था कि सीसीटीवी कैमरा लगाने के बाद न सिर्फ अवैध शराब व शराबियों पर अंकुश लगेगा, बल्कि चोरी की घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। लेकिन इसके विपरीत ग्राम में देखने को मिल रहा है। सीसीटीवी कैमरा लगने के बाद न तो चोरी की घटनाएं कम हो रही है और न ही चोर पकड़ में आ रहे है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे है। कई ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि सीसीटीवी कैमरे की क्वालिटी सही नहीं होने के कारण चोर पकड़ मे नहीं आ रहे हैं। जिससे चोरों के लिए सीसीटीवी कैमरा मात्र शोपीस साबित हो रहे हैं। लाखों की लागत से लगा यह सीसीटीवी कैमरा फिजूलखर्च साबित हो रहा हैं।

## पेज 9 के शेष

### बैजलपुर को विधायक ...

3 लाख रूपये, 3 लाख रूपये की नाली निर्माण, बैजी में सीसी रोड निर्माण लागत राशि 3 लाख रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में अवधेश सिंह चंदेल पूर्व विधायक,खेमलाल साहू जनपद सदस्य, छोटू राम साहू सरपंच एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भाजपा की उपस्थिति में भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान ढोल नगाड़े, अतिशबाजी के साथ विधायक का भव्य स्वागत किया गया।

### युवाओं ने ...

युवाओं को मंच पर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में विशेष अतिथियों ने युवाओं को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और अन्य पुरस्कार प्रदान किए, जिससे प्रतिभागियों में और अधिक उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ। इस कार्यक्रम ने युवाओं को अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने और भविष्य में कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका दिया। निर्णायक मंडल भी सम्मानितत- कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण खरे अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी भरत बंजारे और विक्रम सिंह ठाकुर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल रहें। निर्णायक मंडल में गोकुल बंजारे विभाष कुमार मिश्रा, रामकुमार टंडन, नूतन प्रभात कवर राजा तंतुवाय आदि रहे जिन्हें भी मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य भोजराज कुर्रे जनपद सदस्य प्रतिनिधि मोनूपाल मिथिलेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

### बेरला में पूर्व विधायक ...

ही कांग्रेस की असली ताकत है जो आम जनता के हित में सदैव जमीन की लड़ाई लड़ने को तत्पर रहते हैं ।

ये रहे उपस्थित- इस बैठक में रास बिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला भारत भूषण साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत बेरला राजेश दुबे सुनील जैन मोहन हिरवानी सत्यनारायण साहू तुमन लाल साहू अर्जुन देवांगन प्रवीण दिवाकर विष्णु हिरवानी पी आर सिन्हा मनहरण साहू विक्की द्विवेदी संतोष सेन जितेंद्र जोशी अमन साहू संजीत कुमार साहू गोपाल साहू नारायण डगरे मोनल सिन्हा राकेश सोनी राजकुमार सेन गोविंदा राजपूत उमाशंकर पाटिल जयप्रकाश बघेल गंगाराम धीवर प्रदीप कुमार चेतन बंजारे लता सोनवानी चित्रेखा रीना बघेल सविता हिरवानी नेहा सुराणा किशन साहू परीक्षित पटेल गुड्डू सेन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### बड़े हादसे का ...

सभी अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है। लेकिन इस गड्ढे की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे ऐसा प्रतीत हो रहे है कि खोदे गए गड्ढे की ठेकेदार एवं अधिकारी दुर्घटना होने की इंतजार कर रहे हैं।

# छात्र-छात्राओं को अनौपचारिक शिक्षा और साइबर सिक्योरिटी की दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शासकीय बुनियादी पूर्व माध्यमिक शाला में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा के साथ स्काउटिंग गाइडिंग की जानकारी व कैरियर परामर्श दिया गया। साथ ही विज्ञान विषय के बिन्दु अम्ल व क्षार, पीएच मान आदि का अध्यापन कराया गया। इसके साथ ही अपनी संस्था में तकनीकी और डिजिटल समावेश के तहत सुरक्षा शिक्षा के रूप में साइबर सिक्योरिटी के संबंध में जागरूकता प्रदान करने ऑनलाइन जानकारी प्रदान की गई।

साथ ही पर्यावरण संबंधित बिंदु हेतु संस्था में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके साथ कई अन्य विषयों पर जैसे पौधारोपण, यातायात नियम, भोजन वितरण सहायता, पशु देखभाल, स्वास्थ्य सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा, स्वास्थ्य जॉच, पुस्तकालय को प्रायोजित करने के साथ साथ विभिन्न जागरूकता अभियान जैसे नशामुक्ति, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल अपराध, महिला सुरक्षा अभियान आदि कार्यों का निरन्तर आयोजन हो रहा है। इन सभी कार्यक्रमों में लोकेंद्र, पुष्कर, हर्ष, राहुल, उदय, उज्जवल, डॉली, डिम्पल, मुस्कान, ओजस्वी, मोनिका, सोनम के साथ साथ शाला के सभी स्काउट, गाइड, रोवर ,रेंजर का महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। इन कार्यों के लिए शाला के समस्त स्टॉफ और समस्त विकासखंड सचिव, संयुक्त सचिव, भारत स्काउट्स गाइड्स जिला संघ बालोद के समस्त पदाधिकारियों सत्यवान पिपरिया, भुवन सिन्हा, सीमा साहू, मिलन सिन्हा, वाईपी गांगुली ने हर्ष व्यक्त किया है।



### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय विद्यार्थियों ने चलाया

भारत स्काउट्स गाइड्स राज्य मुख्यालय रायपुर के वार्षिक कैलेंडर अनुसार 25 नवम्बर से 10 दिसंबर तक विभिन्न सामुदायिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी बालोद पीसी मरकले के आदेशानुसार, संस्था प्राचार्य अरूण कुमार साहू, जिला सचिव केएल गजेन्द्र, डीओसी प्रेमलता चंद्राकर, विकासखंड सचिव रूपेन्द्र सिन्हा के निर्देशन एवं रोवर स्काउट लीडर, व स्काउट गाइड प्रभारी नेमसिंह साहू के नेतृत्व में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद के रोवर्स स्काउट व रेंजर द्वारा विभिन्न सामुदायिक सेवा कार्य का आयोजन किया जा रहा है।

# शासन थोक में दे रहा छुट्टियां, हम पूरा नहीं कर पा रहे कोर्स, चाहिए गरीब बच्चों के 300 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शासन द्वारा थोक में दी जा रही छुट्टियों से निजी स्कूल हलाकान हो गए हैं। उनका कहना है कि थोक में दी जा रही छुट्टियों के कारण वे तय वक्त पर कोर्स पूरा नहीं कर पा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग को लिखे गए खत में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने कहा है कि शिक्षा विभाग की नियमावली में प्रति वर्ष 220 दिन स्कूल के संचालन का नियम है, लेकिन गत वर्षों से प्रदेश में स्कूल 180 से 185 से ज्यादा संचालित नहीं हो रहे हैं। शिक्षा के लगातार नुकसान से बचने के लिए कुछ छुट्टियों का अधिकार स्कूलों को दिया जाए।

इसके अलावा निजी स्कूलों में आरटीई के अंतर्गत अध्ययनरत छात्रों की फीस भी संगठन ने मांगी हैं। वर्तमान में 300 करोड़ से ऊपर की प्रतिपूर्ति राशि स्कूलों की बकाया है। पिछले 12 वर्षों से आरटीई की राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बीएसपी कर्मी की दुर्घटना में मौत

**भिलाई।** अज्ञात वाहन की ठोकर से एक्टिवा सवार बीएसपी कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खोजबीन में जुटी हुई है। नंदिनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि सेक्टर 6 निवासी सुभाष बारिक बीएसपी में कार्यरत थे। अपने घर से मंगलवार की भोर से निकला था। हादसा नंदिनी अहिवारा स्थित बीरेभाठ एड मास्को कंपनी के पास बीएसपी कर्मी को अज्ञात वाहन चालक ने चपेट में लिया। हादसे में सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक सुभाष के एक बेटी व बेटा है। शव को मरचूरी में पीएम के लिए रखा गया है। पीएम होने के बाद शव को परिजनों को सौपा जाएगा।

### पत्नी पर चलाया ब्लेड पति गिरफ्तार

**भिलाई।** पत्नी के चरित्र पर संदेह को लेकर विवाद के बाद पति ने ब्लैड से कई बार वार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 324 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जेवरा सिरसा टीआई पुरषोत्तम कुर्रे ने बताया कि ग्राम भटगांव निवासी शिव प्रसाद नेताम और पत्नी रुपा का अक्सर विवाद हुआ करता था। घटना के दिन विवाद इतकना बढ़ गया कि शिव प्रसाद ने अपनी पत्नी को ब्लैड से वार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। घटना में रुपा को गला समेत शरीर के विभिन्न अंगो में चोट आई है। पुलिस ने बताया कि पति शिव प्रसाद पत्नी के चरित्र को लेकर हमेशा विवाद किया करता था। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ करता था। पत्नी का उपचार अस्पताल में जारी है।

### रक्तदान शिविर आज

**अंडा।** शहीद वीर नारायण सिंह दिवस के उपलक्ष्य पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 12 दिसम्बर को सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र निकुम में रखा गया है।

### नये साल में लगेगा पाटन में हेल्थ कैम्प

**भिलाई।** बीएसपी और जिला चिकित्सालय के सहयोग से पाटन में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। बता दें कि 8 जनवरी 2025 तक दुर्ग जिले के विभिन्न विकासखण्डों में निर्धारित तिथियों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में पाटन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीएसपी अधिकारी डॉ. एम सरस्वती, शंभू दयाल डॉक्टर जैन उपस्थित थे।

### साइकिल रैली निकालकर योजनाओं के संबंध में किया जागरूक

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में सरकार के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में साइकिल रैली से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र तथा नगर भ्रमण किया। जिसके माध्यम से जनमानस को सरकार की जनहित योजनाओं, गतिविधियों के संबंध में जागरूक किया तथा अपने उत्तरदायित्व को निर्वहन करने का संदेश दिया गया। इस रैली को प्राचार्य डॉ. रोशन आरा द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं शामिल हुए।

### निबंध स्पर्धा में विजेताओं को मिला पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र राजभाषा विभाग द्वारा हर घर तिरंगा विषय पर नराकास स्तरीय निबंध प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस्पात भवन के सभागार में आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रवर अधीक्षक डाक विभाग बीएल जांगड़े थे। प्रतियोगिता के निर्णायक संयुक्त महाप्रबंधक राकेश श्रीवास्तव, महाप्रबंधक हरप्रीत सिंह एवं सौरभ कुमार राजा थे। नराकास के सचिव सौमिक डे ने इस विशिष्ट एवं गौरवशाली उपलब्धि का श्रेय नराकास बिरादरी के समस्त हिंदी प्रेमियों, संस्थान प्रमुखगण एवं हिंदी अधिकारीगण को देते हुए, उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नराकास, भिलाई-दुर्ग में हिंदी का ध्वज सर्वदा ऊंचा रहे और इसमें आप सबका योगदान रहे।

## प्रवचन

# गुरु ही ब्रह्म, विष्णु और महेश है जो हमें सत्कर्म मार्ग पर ले आते हैं

### पंच कुंडीय यज्ञ और श्रीमद्भागवत ज्ञान सागर के पांचवें दिन भक्तों की रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





पंच कुंडिय यज्ञ और श्रीमद्भागवत ज्ञान सागर के पांचवे दिन भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। कथाकार ने भारत अखंड हो हिन्दू प्रचंड हो की जयघोष लगाकर ध्रुव जन्म और ध्रुव चरित्र पर प्रकाश डाला। भागवत कथा अनुसार उत्तानपाद की कथा सुनायी, जिसका पैर उलटा हो उसे ही उत्तानपाद कहा गया है। उत्तानपाद की दो रानियां थी कुमति और सुमति मतलब जीव के अंदर भी दो विचार रहता है। उत्तानपाद का अर्थ उल्टा पांव वाला होता है। उल्टे पैर होते किसके हैं आज जो माता पिता गुरु धर्म की सेवा ना करें जो विपरीत कार्य करें वहीं उलटा पांव वाला है। धर्मसिद्ध कार्य करें शास्त्र सम्मत बात कर माता-पिता गुरु की सेवा करे मांस मदिरा पान ना करें वह सही पैर वाला बन जाता है। सुमति और कुमति सब जीवों के अंदर विद्यमान होता है। जीव हमेशा कुमति से प्रेम करने लगता है। सुमति से प्रेम करना छोड़ कर। जीव हमेशा कुमति विचार को ही जल्दी अपनाता है। सुमति विचार को सोचता भी नहीं है, इसलिए आज ध्रुव जैसा पुत्र पैदा नहीं हो रहा।

दैहिक, दैविक, भौतिक तापा, रामराज काहु नहीं व्यापा।'' इसका अर्थ यह हुआ कि राम के राज्य में शारीरिक रोग मन संबंधित रोग, दैवीय प्रकोप और भौतिक आपदा का किसी प्रकार से कोई प्रभाव नहीं होता था। स्वामी ने धर्मजागरण पर कहा हमारा धर्म सनातन धर्म है जिसे कोई नष्ट नहीं कर सकता ।आज बहुधा जन कुमति की ओर चल रहे है इस कारण जीवन मरण से मुक्ति नहीं पा सकते ।समाज में ध्रुव जैसा चरित्र का निर्माण करना होगा ।एक दृष्टांत सुनाते समाज की पूर्व वर्ण व्यवस्था पर कहा अंग नाम का राजा था जिसको वेन नाम का पुत्र हुआ पुत्र बहुत नालायक हो नीच कार्यों में लिप्त रहता । शास्त्रों में लिखा है जो पुत्र पुत्रियां है कर्मो के फल स्वरूप ही आते है। परीक्षित ने शुकदेव से पूछा गुरुदेव यह तो अच्छे कुल में पैदा हुआ फिर यह कैसा दोष आ गया शुकदेव मुनि ने कहा अंग से पूर्व में एक गलती हुई कि अवर्ण से प्रेम विवाह किया जिस कारण यह पुत्र हुआ है ।शास्त्र में वर्णित है पाणिग्रहण संस्कार स्व _वर्ण में अपने वर्ण में ही होना चाहिए नहीं तो समाज में वर्ण शंकर संताने पैदा होती है जिससे पूरा कुल नरक गामी बन जाता है। दंडी स्वामी ने प्रवचन में आगे कहा स्वच्छता और पवित्रता में बहुत अंतर है आप शौचालय को स्वच्छ बना सकते है पवित्र नहीं पूजा घर को पवित्र बनाएंगे अपवित्र नहीं वैसे ही जीव को पवित्र विचार रख कर ही ईश्वर का ध्यान कर कल्याण मार्ग पर चलना होगा।क्योंकि पवित्रता सनातन धर्म की श्रेष्ठता को दर्शाता है। जीव जब तक पवित्र नहीं होगा तब तक वह ईश्वर को नहीं देख सकता।

### पांच कुंडी रूद्र यज्ञ में शामिल हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शर्मा




**बेमेतरा।** कृषि उपज मंडी में चल रहे पांच कुंडी रूद्र यज्ञ एवं श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा शामिल हुए और दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद ब्रह्मचारी से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर राजेन्द्र शर्मा ने कहा की बेमेतरा वासियों का सौभाग्य है कि हिन्दू सनातन धर्म का इतना बड़ा आयोजन हो रहा है। एक ओर रुद्र यज्ञ के दर्शन परिक्रमा कर हम पुण्य कमा सकते हैं और दूसरी ओर श्रीमद भागवत कथा का श्रवण कर अपने जीवन को धन्य कर सकते हैं। शर्मा ने सलधा में बन रहे विशाल शिव मंदिर में भी दान देने की अपील बेमेतरा शहर वासियों से की। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद हिन्दू जागरण में लगे हुए हैं। बेमेतरा जिला को भक्तिमय बनाने के लिए सनातन हिन्दू धर्म के प्रचार के लिए सलधा में आश्रम एवं विशाल मंदिर बना रहे हैं, जहां बारह महीने धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। राजेन्द्र शर्मा ने शहर वासियों से तन मन धन से सहयोग की अपील की भी और कहा कि स्वयं भी इस पुण्य कार्य में लगे हुए हैं।

### संत मिलन और समागम समाज में हो

दंडी स्वामी ने अपने धार्मिक प्रवचन को संक्षिप्त करते गुरु महत्ता पर प्रकाश डाला आज के समय में गुरु ही ब्रह्म विष्णु और महेश है, जो हमें गलत मार्ग से हटाकर सत्कर्म मार्ग पर ले आते है। जितना जल्द हो ईश्वर भक्ति और संत से संपर्क करना चाहिए। संत मिलन संत समागम समाज में होना ही चाहिए। आदि गुरु शंकराचार्य ने इसी परंपरा को आगे बढ़ाया। देश की चारों सीमाओं में चार मठ की स्थापन कर हिंदू सनातन धर्म को जीवित रखा कहा गया, जैसे लोहा पारस के संपर्क में सोना बन जाता है, वैसे ही मनुष्य सज्जन और संत का सान्निध्य पाकर श्रेष्ठ हो जाता है।

### साधु का अपमान कभी नहीं करना चाहिए

दंडी स्वामी ने आगे कहा साधु का अपमान कभी नहीं करना चाहिए क्योंकि साधुओं के दूर होने से पुण्य नष्ट हो जाता है संत हमेशा धर्मानुरागी है उनके रूष्ट होने से मनुष्य का पुण्य पाप में बदल जाता है, मृत्यु काल निकट आने लगता है। रामायण में रावण के साथ वही हुआ उसने विभीषण को लात मार कर भगाया उसी क्षण रावण अधोगामी हो चला साधु अपमान संकट का समय ला देता है। उन्होंने कहा भागवत कथा और श्री रुद्र यज्ञ 15 दिसम्बर तक चलेगी। आप सब ज्ञान गंगा में डुबकी लगा अपने जीवन को कृतार्थ करें। कल के धार्मिक आयोजन अपने साथ समस्त धर्म प्रेमियों को साथ लेकर आएं। क्योंकि अंत भला तो सब भला।

## 'गीता' मानव जीवन को सफल बनाने की कुंजी



**नवागढ़।** गुरुकुल इंग्लिश मिडियम स्कूल में बुधवार को गीता जयंती मनाई गई। पहली बार आयोजित इस आयोजन में शिक्षक रूपेंद्र सिन्हा के मार्गदर्शन और नेतृत्व में सब बच्चों और शिक्षकों ने भाग लेकर गीता के श्लोक और अर्थ सुनाकर सबको सुखद अनुभव कराया। उन्होंने बताया कि हम विद्यार्थियों को भी अपने मन के सभी संशय को दूर कर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बच्चे और शिक्षक गीता के किस अध्याय से कौन सा क्रम का श्लोक है यह भी बताया। आंचल जायसवाल, अविना कुर्रे, भूमिका चतुर्वेदी, लता जांगड़े, साक्षी राजपूत, नेहा साहू, पलक सोनकर, दीपिका पाटिल, डाली, डिकेंद्र, पुपेंद्र, प्रांशु, तरुण बंजारे, डोजिन साहू, शिवम यादव, गिरीश यादव ने गीता श्लोक पाठन किया। इस दौरान विद्यालय संचालिका मेघा दीवान, मालती यादव, मंजू सिन्हा, दीपिका शर्मा, छाया निषाद, हेमलता कोशले, प्रमिला साहू, अंजू राय, अनामिका राय, यादेश्वरी सोनकर,दिलेश्वरी गेंद्रे, संगीता साहू, गूंजा साहू, इंदुरानी, पूजा सोनकर, टीकाराम साहू, राजतिलक चतुर्वेदी, योगेंद्र राजपूत, सोनू राजपूत, गीतेश्वर साहू, शनिस साहू, रामकुमार यादव, प्रेमलाल साहू, पुरुषोत्तम साहू, रिंकू साहू, कुंजराम, गौरव वारे, विनोद यादव उपस्थित थे।

- गुरुकुल इंग्लिश मिडियम स्कूल में गीता जयंती मनाई गई

## मितानिनों की क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका : धनेश्वरी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला के ग्राम पंचायत बारगांव में मितानिनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान 12 मितानिन व 1 मास्टर ट्रेनर को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। गांव की मितानिनों का सम्मान किए जाने का यह पहला अवसर था। सम्मान पाकर मितानिन भी काफी खुश नजर आईं।

इस मौके पर मुख्य अतिथि सरपंच धनेश्वरी चंदेल ने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। उनके द्वारा बच्चों को टीका लगाने से लेकर, गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है। उप स्वास्थ केंद्र बारगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी चांदनी मंडारे ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अब तक जितनी भी उपलब्धियां रही है उनके पीछे महत्वपूर्ण श्रेय मितानिन कार्यक्रम को जाता है। मितानिनों के निस्वार्थ सेवा और मेहनत के फलस्वरूप ही मितानिन कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण का देश में सबसे शानदार उदाहरण है।

**मितानिन का योगदान प्रशंसनिया:** ग्राम पंचायत बारगांव के सचिव लव कुश मानिकपुरी ने मितानिन दीदियों के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जन कल्याण के लिए समर्पण भावना से गांवों मे अंतिम पायदान तक लोगों में स्वास्थ्य जागरूकता, दवाई वितरण, टीकाकरण, प्रसुति आदि स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अहम कड़ी के रूप में आपके कार्य व योगदान महत्वपूर्ण है।

इस दौरान उपसरपंच सच्चिदानंद मिश्रा, सचिव लवकुश दास मानिकपुरी व ग्राम पंचायत के समस्त मितानिन बिमला देवांगन, मधु देवांगन, शारदा सेन, मिनताज बी, पार्वती यादव, ज्योति कुर्रे, रूखमणि पाल, सुनीता साहू, जयश्री ध्रुव, ईश्वरी वर्मा, नंदरानी महार, नूरी निषाद, देवकुंवर तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

- बारगांव में मितानिनों का सम्मान समारोह का आयोजन

### अग्निवीर की ट्रेनिंग लेकर लौटे तुषार का गृहग्राम खुरसुल में भव्य स्वागत

**बालोद/निकुम।** जिले के विकासखंड गुण्डरदेही के आखरी गांव ग्राम खुरसुल का युवा तुषार साहू अग्निवीर की ट्रेनिंग में देशभक्ति, मातृसेवा का संकल्प लेकर ग्राम खुरसुल पहुंचा। ग्राम लौटने पर उसका जोरदार स्वागत ग्रामीणों ने किया। युवाओं ने जमकर आतिशबाजी कर गांव में डीजे के देशभक्ति धुन पर कंधे पर देश के लाल तुषार साहू को कंधे पर उठाया, तो महिलाओं ने घर आंगन में रंगोली सजाकर दीपक जलाकर कर आरती कर स्वागत किया। पूरे गांव में झूमते नाचते हुए घर पहुंचने पर मां छबीला बाई साहू, बड़े पिता महावीर साहू, राजकुमारी साहू, नरेश साहू, झनक साहू, रोहित साहू की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। उन्होंने कहा कि अब इस गांव के बेटे देशसेवा में लगे हैं। ग्राम के महावीर साहू ने बताया कि ग्राम खुरसुल की मिट्टी में देशसेवा प्रति युवा समर्पित है। गांव खुरसुल के मैदान में अलसुबह से कई युवा आर्मी, पुलिस, अग्निवीर, फोर्स के पदों के लिए अभ्यास कर सुविधाविहीन मैदान में अपनी कड़ी मेहनत से मंजिल पा अपने गांव नाम लगातार रोशन कर रहे हैं।

## श्रीराम बुनकर सहकारी समिति देवरबीजा कार्यालय के सामने गंदगी से बढ़ी परेशानी

### पानी का जमाव होने से बुनकर कक्ष में आ रहा सीपेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



ब्लॉक बेरला के ग्राम पंचायत देवरबीजा में श्रीराम बुनकर सहकारी समिति कार्यालय के सामने और पीछे गंदगी पसरने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बता दें कि दुर्ग-बेमेतरा मुख्य मार्ग पर ग्राम पंचायत देवरबीजा जो बेमेतरा से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जहां सालों से श्रीराम बुनकर सहकारी समिति में देवांगन समाज के लोग कपड़ा बुनकर अपना सह रोजगार का काम करते है।

वहीं श्रीराम बुनकर सहकारी समिति कार्यालय के सामने नाली पर चितावर की घास उगी है। साथ ही नाली की साफ-सफाई नहीं होने के कारण गंदगी पसरा हुआ है। लंबे समय से सफाई कार्य नहीं होने पर स्थित गन्दा पानी व कचरे से बू आने लगे है। वही बुनकरों ने बताया कि नाली में पानी का जमाव होने से बुनकर कक्ष में सीपेज आते है। इसके साथ ही बारिश के दिनों बहुत ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश होने के बाद नालियों अत्यधिक पानी भर जाने के बाद नाली का पानी व सीपेज से बुनकर कक्ष में पानी भर जाते है।

### देवरबीजा को नगर पंचायत बनाने की मांग उठी

जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत देवरबीजा को नगर पंचायत बनाने की मांग लगातर उठ रही है। यहां कई बड़े-बड़े दुकान, उप तहसील, चौंकी, जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पटवारी कार्यालय, प्राथमिक स्कूल से हायर स्कूल, प्राइवेट स्कूल, कॉलेज, बिजली विभाग, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य, आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र, बुनकर सहकारी समिति केंद्र इत्यादि से देवरबीजा में सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी है। जहां पर ग्राम पंचायत देवरबीजा के रहवासियों का लगातार मांग चले आ रहे है।

### बारिश के बीच बुनकरों के साथ कलेक्टर ने चलाया था हाथकरघा

24 जुलाई बारिश की बूंदों के बीच, कलेक्टर रणबीर शर्मा देवरबीजा पहुंच श्रीराम बुनकर सहकारी केंद्र में हाथकरघा से बुना जा रहा कपड़े की प्रक्रिया को समझने का प्रयास किए बुनकरों के साथ रहकर कलेक्टर ने बुनाई की पूरी प्रक्रिया विस्तार जाना। सुको की मासिक आमदनी, पारिवारिक स्थिति एवं परिजनों के बारे में जानकारी ली थी। वही आज उसी कार्यालय के सामने गंदगी आलम पसरा हुआ है। जिन्हें देखने तक दूर की बात है यहां साफ सफाई को सोचने तक समय नहीं है। जिसके चलते आसपास गंदगी व बदबू के बीच रहना मजबूरी बन गए है।

## प्राशा सिंघौरी में विकासखण्ड स्तरीय भाषा उत्सव आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकास खण्ड स्तरीय भाषा उत्सव कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक शाला सिंघौरी में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कक्षा में कहानी सुनाकर पाठ्यक्रम के साथ जोड़ना और फिर खेल खेल में शिक्षा प्रदान करना है। जिसमें एपीसी भूपेंद्र साहू सर, बीआरसीसी राजेन्द्र कुमार साहू, संकुल समन्वयक धनीराम बंजारे, पूनम कुमार साहू ,पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक मीनाक्षी शर्मा प्राथमिक शाला पाठक शशिकला यादव,किरण खरे, लक्ष्मी साहू,नूतेश्वर चंद्राकार, अमरीका पाण्डेय सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### डाइट बेमेतरा में कला और हिन्दी विषय के व्याख्याताओं का प्रशिक्षण

# आदर्श और जिम्मेदार नागरिक तैयार करने में कला संकाय की भी भूमिका महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी में अध्यापनरत कला और हिन्दी विषय के व्याख्याताओं का ऑफलाइन प्रशिक्षण डाइट बेमेतरा में सफलतापूर्वक चल रहा है। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र की शुरुआत डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना और वंदना से हुई। व्याख्याता कल्पना कौशिक ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

डाइट प्राचार्य जे के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह मोबाइल की बैटरी खत्म होने पर हम उसे चार्जिंग करते हैं यह प्रशिक्षण इसी तरह का ही है प्रशिक्षण के माध्यम से हम आपको पूरी तरह से चार्ज करते हैं। ताकि आप अपने अध्ययन अध्यापन का कार्य बहुत अच्छी तरह से और उत्साहपूर्वक कर सके। प्रशिक्षण के द्वारा ही आपकी प्रतिभा में निखार आता है। और हम पाठ्य वस्तु को बेहतर तरीके से और रोचक ढंग से बच्चों के सामने रख सकते हैं। शासन के द्वारा इस वर्ष को शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसलिए सभी स्तर के शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। विषय प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स बहोरिक लाल साहू ने समूह कार्य का प्रस्तुतीकरण एवं समेकन पर अपनी बात रखी। मास्टर ट्रेनर्स बीरेंद्र राठौर ने पाठ के साथ संवाद, समूह वर्क और उसका की गई है। कला विषय के प्रशिक्षण के प्रभारी डाइट के व्याख्याता यमुना जांगड़े ने एनईपी 2020 के उद्देश्यों और, उनमें विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए जो नियम बनाए गए हैं उस पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही सरकार के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर्स पुकल राम सप्रे के द्वारा कला संकाय के विषयों को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने के व्यापक उद्देश्यों की चर्चा करते हुए बताया कि एक आदर्श एवं जिम्मेदार नागरिक तैयार करने में कला संकाय की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जो देश के आर्थिक सांस्कृतिक विकास में अपना योगदान दे सके। मास्टर ट्रेनर्स हिरउ राम ध्रुव के द्वारा अक्षांश, देशांतर, एवं मानचित्र अध्ययन के महत्व को विस्तार से बताया गया। बहेरा स्कूल की व्याख्याता हेमलता बंजारे के द्वारा सामूहिक गतिविधियों के प्रस्तुतीकरण में एवं प्रोजेक्टर के द्वारा विषय वस्तु को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। हिन्दी विषय के लिए प्रशिक्षण की प्रभारी डाइट की व्याख्याता उषा किरण पांडेय है। जबकि मास्टर ट्रेनर्स, डीआरजी के रूप में कला विषय के लिए पुकल राम सप्रे प्राचार्य उमरिया, हिरऊ राम ध्रुव प्राचार्य तेलईकुड़ा है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डाइट की व्याख्याता थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, अमिंदर भारती उपस्थित थे। जबकि प्रतिभागी के रूप में दिलीप सिंह ठाकुर, रजनी कश्यप, डॉ प्रियंका वर्मा, राखी थदानी, शमीम खान, सरिता दुबे, विनीता खलखो, लक्ष्मी नारायण गायकवाड सोनी मौर्य, सुषमा शर्मा, संतोष मिश्रा, नालेश्वर साहू, अजय वर्मा, निरपाल राम साहू, कमलेश वर्मा सहित दोनों विषय के प्रशिक्षण में 200 व्याख्याता उपस्थित रहे।